भारत सरकार

परमाणु ऊर्जा विभाग

हिंदी अनुभाग

अणुशक्ति भवन,

छ.शि.म.मार्ग,

मुंबई-400 001

सं. 31/हिन्दी/2025-26/1165-1310 12 सितंबर, 2025

**विषय : हिन्दी दिवस-2025 के अवसर पर सचिव, परमाणु ऊर्जा विभाग के संदेश का प्रेषण।**

*******

सचिव, परमाणु ऊर्जा विभाग द्वारा **हिन्दी दिवस**-2025 के अवसर पर जारी "संदेश" की प्रति जानकारी एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु संलग्न है।

माननीय गृह मंत्री का संदेश राजभाषा विभाग की वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकता है।

सभी मुख्यालय यूनिट / उपक्रम / संस्थान उक्त संदेश अपनी अधीनस्थ स्थापनाओं को भिजवाने की व्यवस्था करें।

संलग्नक : यथोपरि

12/9/25

(डॉ. सैयद मासूम रज़ा)

उप निदेशक (राजभाषा)

1. परमाणु ऊर्जा विभाग की सभी यूनिटों/उपक्रमों/सहायता प्राप्त संस्थानों के प्रधान
2. परमाणु ऊर्जा विभाग की सभी यूनिटों/उपक्रमों/सहायता प्राप्त संस्थानों के प्रशासनिक प्रमुख
3. परमाणु ऊर्जा विभाग की सभी यूनिटों/उपक्रमों/सहायता प्राप्त संस्थानों के हिन्दी पदाधिकारी

<u>प्रतिलिपि</u> :

1. प्रमुख, एनसीपीडब्ल्यू एवं अध्यक्ष राभाकास, पऊवि, मुंबई
2. विशेष कार्य अधिकारी, शाखा सचिवालय, पऊवि, नई दिल्ली
3. अवर सचिव, शाखा सचिवालय, पऊवि, नई दिल्ली

डॉ. अजित कुमार मोहान्ती
**Dr. Ajit Kumar Mohanty**

भारत सरकार
Government of India

अध्यक्ष, परमाणु ऊर्जा आयोग
व
सचिव, परमाणु ऊर्जा विभाग
Chairman, Atomic Energy Commission
&
Secretary, Department of Atomic Energy



## <u>संदेश</u>

प्रिय साथियो,

हिंदी दिवस (14 सितंबर 2025) के अवसर पर मैं, परमाणु ऊर्जा विभाग की विभिन्न इकाइयों, उपक्रमों और सहायता प्राप्त संस्थानों में कार्यरत अपने सभी साथियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएँ देता हूँ।

अभी हाल ही में हमने विभाग की स्थापना की 'प्लैटीनम जुबली' मनाई है । इस अवसर पर पूरे देश में कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है। साथ ही, वर्ष 2047 तक 'विकसित भारत' के संकल्प की सिद्धि में परमाणु ऊर्जा के योगदान को सुनिश्चित करने के लिए हमने 'अमृत काल संकल्प प्रलेख' भी जारी किया है। यह संकल्प प्रलेख विभाग की भविष्य की दिशा सुनिश्चित करेगा और मार्गदर्शन प्रदान करेगा ।

किसी भी देश का विकास उसकी वैज्ञानिक प्रगति पर निर्भर करता है। पिछले 70 वर्षों में हमने विज्ञान के अलग-अलग क्षेत्रों में अद्वितीय उपलब्धियां अर्जित की हैं। इन उपलब्धियों ने देश के आम नागरिकों के जीवन को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इसके बावजूद आम जनता को परमाणु ऊर्जा और इसके अनुप्रयोगों के बारे में बहुत कम जानकारी है। अपने अन्य सभी कार्यों के साथ-साथ लोगों को परमाणु ऊर्जा के बारे में सही जानकारी उपलब्ध कराने के लिए हम हिंदी और अन्य भारतीय भाषाओं का उपयोग करते हुए आम जनता तक अपनी पहुँच बढ़ा रहे है। विभाग के सोशल मीडिया पर भी हिंदी का प्रयोग बढ़ रहा है। हिंदी में जन-जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। विभिन्न यूनिटों से प्रकाशित होनेवाली हिंदी गृहपत्रिकाएं भी इस कार्य में महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं। कार्यालय से लेकर समाज तक हम राजभाषा हिंदी का प्रयोग बढ़ा रहे है।

मुझे खुशी है कि परमाणु ऊर्जा विभाग को वर्ष 2024-2025 के लिए 'राजभाषा कीर्ति प्रथम पुरस्कार' प्राप्त हुआ है। देश के विभिन्न राज्यों में फैली हमारी संघटक इकाइयाँ भी नगर और क्षेत्रीय स्तर पर पुरस्कार प्राप्त कर रही हैं । राजभाषा नीति के उत्कृष्ट कार्यान्वयन के लिए मैं विभाग और इसकी सभी संघटक इकाइयों को बधाई देता हूं । लेकिन हमें अपनी इन उपलब्धियों से संतुष्ट नहीं होना है और इस शानदार परंपरा को निरंतर बनाए रखना है।

2..



अणुशक्तिभवन, छत्रपति शिवाजी महाराज मार्ग, मुंबई - 400 001, भारत • Anushakti Bhavan, Chhatrapati Shivaji Maharaj Marg, Mumbai - 400 001, India
दूरभाष/Phone:+(91) (22) 2202 2543 • फैक्स/Fax: +(91) (22) 2204 8476 / 2284 3888
ई-मेल/E-mail: chairman@dae.gov.in

इस अवसर पर मैं आप सभी से अनुरोध करता हूँ कि आप अपने सभी कार्यों में सरल और सहज हिंदी का प्रयोग करें। राजभाषा विभाग द्वारा विकसित कंठस्थ अनुवाद टूल का प्रयोग करें। अपने अधीनस्थ कर्मचारियों को मूल रूप से हिंदी में काम करने के लिए प्रेरित करें। मुझे विश्वास है कि आप सभी के समन्वित प्रयासों से हम विज्ञान और भाषा दोनों ही क्षेत्रों में उत्कृष्टता बनाए रखने में सफल होंगे।

आप सभी को पुन: हिंदी दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ !

जय हिंद, जय हिंदी !

अजित कुमार मोहान्ती

14 सितंबर, 2025

(अजित कुमार मोहान्ती)